सार-समाचार

## महिलाओं को मिला सम्मान



**झुंझुनूं, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक गौरव सम्मान पुरस्कार समारोह का आयोजन जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुआ मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार में सामाजिक कल्याण म मंत्री अविनाश गहलोत राजस्थान सरकार में वित्त मंत्री उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कर्ष और श्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को और इस क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को राष्ट्रीय सामाजिक गौरव सम्मान पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। झुंझुनूं जिले से सुनिता कंवर पत्नी रविंद्र सिंह तोलियासर को महिलाओं को सिलाई के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए व गरीब बच्चों को फ्री में पढ़ाई के क्षेत्र में योगदान देने के उपलक्ष मे श्रेष्ठ कार्य करने के लिए बोर्ड द्वारा सम्मानित किया गया।। इसी क्षेत्र में अनिता कंवर नूआं और ममता तंवर सूरजगढ़ को भी सम्मानित किया गया।। इस मौके पर बोर्ड के राष्ट्रीय स्तर के सदस्य मौजूद रहे।

## राजस्थान पेंशनर समाज की बैठक

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी कस्बे के माजी शाह का बाग स्थित पेंशनर्स कार्यालय में मंगलवार को पेंशनर समाज की बैठक का आयोजन किया गया। समाज के निवर्तमान अध्यक्ष मालीराम सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर आगामी रूप रेखा तैयार की नई। नवनियुक्त अध्यक्ष ब्रह्मानंद शर्मा ने बताया किपेंशनर्सका डिजिटल कार्य होने के कारण अनेक समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सभी के साथ मिलकर उनके हितों को लेकर बेहतर कार्य करवाए जाएंगे। वहींसमाजके लोगों की हरसंभव मदद कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पेंशनर्स को पहले 30 हजार रुपए बजट दिया जाता था अब उसे 50 हजार रुपए वार्षिक किया गया है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए आरजीएचएस के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बेहतर सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसके अलावा जीवित प्रमाण पत्र, आयकर को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसको लेकर बेहतर प्रयास किया जाएगा। पेंशनर्स समाज सरकार का अभिन्न हिस्सा रहा है। उनके कल्याण को लेकर सरकार को बेहतर कदम उठाने चाहिए। राज्य सरकार द्वारा 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त इंक्रीमेंट देने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया गया।

## भजन संध्या आज एवं भंडारा कल

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्थानीय चंचलनाथ टीले के पूर्व पीठाधीश्वर चिमननाथ महाराज की 38वीं पुण्यतिथि पर टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सानिध्य में मनाई जाएगी। टीले के संत विचारनाथ महाराज ने बताया कि एक दिवसीय धार्मिक आयोजन की शृंखला में सात अगस्त रात्रि 9 बजे से साधु संतों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। वहीं आठ अगस्त को सुबह 10 बजे समाधि स्थल पर पूजा अर्चना के साथ भोग लगाया जाएगा तथा साधु संतों की प्रसादी व विदाई के बाद 11 बजे से रात 9 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन होगा। चंचलनाथ महाराज का टीला हिंदू मुस्लिम सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। जिसमें हिंदू मुस्लिम भाई सब मिलकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर मंदिर व समाधि स्थल को रंग बिरंगी लाइटों एवं सजीव फूलों से सजाया गया है। सात अगस्त को दोपहर एक बजे से विद्वान पंडितों द्वारा रुद्री पाठ के साथ रुद्राभिषेक किया जाएगा तथा शाम 5 बजे जनहित में काम आनी वाली औषधि व पर्यावरण को संतुलन रखने वाले पेड़ लगाए जाएंगे। तैयारियों में राजनाथ महाराज, उमाशंकर महमिया, दीपक मोदी, सुशील बाक्याण, सुभाष खाजपुरिया, विनोद पुरोहित, शंभू पुरोहित, राजकुमार बेरवाल, नटवर चौधरी, नारायण किरोड़ीवाल, नरोत्तम खडोलिया, राजेश शर्मा, विमल सैनी आदि लगे हुए हैं।

## आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा



**झुंझुनूं, (निसं)।** भारतीय मजदूर संघ के संबद्ध राजस्थान आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश स्तरीय आव्हान पर आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ झुंझुनूं के कार्यकर्ताओं के द्वारा न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपए प्रति माह दिलवाने, बकाया मानदेय का भुगतान करने, सेवानिवृत्त पर ग्रेच्युटी व पेंशन का भुगतान करने , एनटीटी अध्यापक के स्थान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाने पीएमएमवीवाई का कार्य पूर्व की तरह तकनीकी सहायकों से ही करवाने, अच्छा पोषाहार उपलब्ध करवाने व मोबाइल रिचार्ज की राशि आदि मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को दिया गया। ज्ञापन देने वालों में आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा कंवर, भारतीय मजदूर संघ के जिला संरक्षक रामगोपाल शर्मा, संगठन मंत्री सुनील कुमार बुगालिया, आंगनबाड़ी महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष रेणू कंवर, आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ झुंझुनूं प्रभारी अनिता जाट, महामंत्री सुमन जाट, पूनम, मंजू, सुमन रामपुरा, सुमन, सुनिता मोगा, कौशल्या, सुमन शर्मा, साहिन, सुभिता, मंजूदेवी, विदेश कंवर, सरोज, संजू, परमेश्वरी, मधु, सरिता, सरोज, शबाना, जाहिरा, ग्यारसी, सुनिता, इनायत, अनिता, पार्वती, नीलम, सुमन, सुलोचना, मुन्नी, सुमित्रा, सुभिता, तारा कंवर, कौशल्या, कमला, सुशीला, इंद्रा, सुमन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## महाविद्यालय में आज लगाए जाएंगे पौधे

**पाटन, (निसं)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में हरियाली तीज को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान के अंतर्गत हरियालो राजस्थान कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा की अध्यक्षता में किया जावेगा। एनएसएस अधिकारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य कर्मचारी एवं विद्यार्थी एक पौधा अनिवार्य रूप से महाविद्यालय परिसर में लगाएंगे तथा उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगावेगें। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से आ ान किया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे।इसी तरह हरियालो राजस्थान के तहत बुधवार को ब्लाक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम पंचायत समिति पाटन मे सुबह 930 बजे व पंचायत स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम चिरघा घाटी बालाजी के पास 1130 बजे किया जायेगा ।

## बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**खिरोड़, (निसं)।** कस्बे में विद्युत निगम द्वारा इन दिनों लगातार की जा रही बिजली कटौती ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों तीन दिनों से लगातार विद्युत निगम द्वारा दिनभर में करीब 20 से 25 बार बिजली कटौती की जाने से सरकारी कार्यालय में कामकाज ठप पड़े हैं। वहीं सरकारी अस्पतालों में भी मरीज को परेशानी होने लगी है। बिजली कटौती से जहां लघु उद्योग धंधे बंद पड़े रहने से छोटे व्यापारियों को परेशानी होने लगी है। वहीं बिजली कटौती होने से घरों में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत निगम के उच्च अधिकारियों को बिजली कटौती से अवगत करवाने के बावजूद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से क्षेत्र में बिजली की सप्लाई को नियमित रूप से चालू रखे जाने की मांग की है।

# बीच सड़क पर छोड़े गए चैम्बर से आमजन को हो रही परेशानी

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी कस्बे में सीवरेज ठेका कंपनी की लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर सड़क में छोड़े गए चैंबर को सही करने की मांग की है।

विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि खेतड़ी कस्बे में ठेका कंपनी की ओर से डाली जा रही सीवरेज लाइन का सही तरीके से कार्य नहीं होने के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। ग्रामीण टूटी सड़कों व अधुरे कार्य को पूरा करवाने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार भी लगा चुके हैं। इसके बावजूद भी समस्या आमजन के लिए नासूर बनती जा रही है। वाराही देवी मंदिर से हनुमान गढ़ी तक सड़क में ठेका कंपनी ने सड़क पर ही चैंबर बना देने से हादसे होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि कस्बे में ठेका कंपनी की ओर से सीवरेज व पेयजल लाइन डालने का काम किया जा रहा है। जिसके चलते कस्बे में जगह जगह सड़क को तोड़ दिया गया। पिछले काफी समय से मुख्य बाजार सहित अन्य स्थानों पर आज तक तोड़ी गई सड़क का निर्माण कार्य नहीं करवाया गया, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेका कंपनी की ओर से उनके मुख्य बाजार में सीवरेज लाइन डालने का कार्य किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में ठेका कंपनी के अधिकारियों को अवगत भी करवाया गया, लेकिन ठेका कंपनी की ओर से आमजन की समस्या को लेकर प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि ठेका कंपनी की ओर से जल्द ही चेंबर को हटाने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीण उपखंड कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर अशोक कुमार, अभिषेक, मदनलाल, किशोर सिंह, अनिल कुमार, राहुल स्वामी, राकेश कुमार, प्रवीण, कपिल, बाबूलाल, सत्यवीर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

- सीवरेज ठेका कंपनी की लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है



ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर चैम्बर सही करने की मांग की।

## समस्याओं के समाधान की मांग

**रतनगढ़, (निसं)।** राशन डीलर संघ एवं एबीवीपी के कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि को ज्ञापन प्रेषित किया।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने राजकीय जालान महाविद्यालय में सहायक प्रसानिक अधिकारी के पदस्थापन की मांग का। इसके साथ ही राशन डीलर संघ के पदाधिकारियों ने राशन डीलरों का मानदेय 30 हजार रुपये करने,गेहूं पर 2 प्रतिशत की छीजत दिए जाने, पिछले 5-6 माह के राज्य व केन्द्र से मिलने वाले कमीशन दिलवाने सहित अन्य मांगों के समाधान की मांग की । इसके अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भी अलग अलग समस्याओं के समाधान की मांग रखी । सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए पूर्व विधायक महर्षि ने सम्बंधित अधिकारीयों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में राशन डीलर संघ के मांगीलाल सारस्वत, पुरुषोतम इन्दौरिया, पवन सैनी, पंकज भोजक, सुशील इन्दौरिया, एबीवीपी के प्रवीण हर्षवाल, ऋतिक शर्मा, गौतम प्रजापत, अभिषेक सैनी आदि मौजूद रहे।

# राशन डीलर्स ने मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**चूरू, (कासं)।** चूरू जिला राशन विक्रेता संघर्ष समिति व चूरू जिला राशन डीलर्स एसोसिएशन के राशन विक्रेताओं ने जिला अध्यक्ष सरवर खान और मूलाराम कस्वां के नेतृत्व में चार सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि सभी राशन विक्रेता 1 अगस्त से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। उन्होंने बताया कि हमारी मुख्य मांगें हर राशन विक्रेता को 30 हजार रुपए मासिक मानदेय देने, अनाज वितरण पर दो प्रतिशत छीजत देने, बकाया कमीशन का भुगतान जैसी मुख्य मांगों को लेकर आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। अगर जल्द ही हमारी मांगें नहीं मानी गई तो प्रदेशव्यापी आव्हान पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्रम सिंह राठौड़, सुरेश सारस्वत, हनुमान सहारण, अशोक शर्मा, भागीरथ, मनोज चौधरी, धर्मेंद्र सारस्वत, हनुमान गोदारा, शौकत खां चायल, दिनेश शर्मा, सुभाष सातड़ा, चूरू तहसील अध्यक्ष बाबुलाल सिंह, रणवीर, मुबारिक अली, भूराराम, शुभकरण जालान, रोहिताश, परमेश्वर सैनी, गुगनसिंह, परमेश्वर लाल सैनी, विक्रम सिंह, रामसिंह, जसवंत, ओम प्रकाश, मदनलाल स्वामी, छतु सिंह, राजवीर सिंह आदि सहित अन्य राशन डीलर उपस्थित थे।

- 30 हजार रुपए मासिक मानदेय सहित बकाया कमीशन का भुगतान मुख्य मांग
- सभी राशन विक्रेता एक अगस्त से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं



चूरू जिला राशन विक्रेता संघर्ष समिति व जिला राशन डीलर्स एसोसिएशन के विक्रेताओं ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

## हरियाली तीज मनाई

**रतनगढ़, (निसं)।** श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर के सुरम्य प्रांगण में भामाशाह बाबूलाल दूधेड़िया द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के मुख्य आतिथ्य हुआ। प्रोग्राम में मेहंदी प्रतियोगिता सहभागी बालिकाओं को पारितोषिक वितरण किये गये। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री दी। विद्यालय की 36 गार्गी पुरस्कार की चयनित बालिकाओं को मैडल पहना कर जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार वर्मा ने स्वागत किया।

विद्यालय की सभी एक हजार बालिकाओं की भोजन व्यवस्था भामाशाह बाबूलाल दूधेड़िया द्वारा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भामाशाह बाबूलाल दूधेड़िया ने की तथा उपखंड अधिकारी अमित कुमार वर्मा, तहसीलदार कालूराम मेघवाल,नायब तहसीलदार रतनलाल मेघवाल प्रधानाचार्य मोहनलाल अर्जुन, भजनलाल पारीक, गिरधारी सिंह राठौड व सुरेश कुमार फोगला मंचासीन अतिथि थे। विद्यालय के शाला प्रधान मोहनलाल अर्जुन ने शाब्दिक स्वागत किया। व्याख्याता विमला चौधरी व भामाशाह बाबूलाल दूधेड़िया ने जिला कलेक्टर का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। व्याख्याता इन्द्र सिंह फगेड़िया, महेश सांखोलिय, रश्मि महर्षि, मोनिका शर्मा, सरिता शर्मा , रमेश खीचड़,अध्यापक युनुस गौरी, आंनद सिंह, दीपांकर शर्मा, मनिष शर्मा, कन्हैयालाल जांगिड़, प्रमोद कुमार ओए, मोनिका बारूपाल, कंचन लता,रोशनी छींपा, अशोक भास्कर आरती शर्मा, पीकी मंडल आदि ने मंचासीन अतिथियों का माला व साफा पहनाकर व स्वागत किया। आरती शर्मा द्वारा 250पौधे वितरित किए किया गये। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं की सराहना की तथा बेटियों को संस्कार व संस्कृति के साथ कठोर परिश्रम करने का संदेश दिया साथ सभी को ताप वृध्दि रोकने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आव्हान किया।

## खिरोड़ में बनी सड़कों के दयनीय हालात

**खिरोड़, (निसं)।** ग्राम पंचायत के सरपंच महावीर प्रसाद भांबू ने हाल ही में खिरोड़ में बनी तीन मुख्य सड़कों की दयनीय हालात को लेकर राजस्थान सरकार को पत्र लिखा।

जिसमें खिरोड़ कस्बे की तीन मुख्य सड़कों के हालात से वाकिफ करवाया गया और सड़कों को दुबारा बनवाने की मांग की गई। खिरोड़ ग्राम पंचायत सरपंच महावीर प्रसाद भांबू ने राजस्थान सरकार, क्षेत्रीय विधायक एवं अधीक्षण अभियंता झुंझुनूं को पत्र लिखकर नई धर्मशाला से लेकर जीण माता मंदिर तक बनी सीमेंटेड सड़क, खिरोड़ के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर श्री राधा कृष्ण मंदिर तक बनी सीमेंट सड़क एवं मोहनवाड़ी रोड पर राशन वितरण की दुकान से लेकर राधा स्वामी सत्संग स्थल तक बड़ी सीमेंटेड सड़क के बारे में बड़ी ही दयनीय हालात बताते हुए बताया कि इन तीनों मुख्य सड़कों पर जगह-जगह गहरी एवं खतरनाक गड्ढे बने हुए हैं। इन सड़कों पर जहां वाहनों को भी रेंग रेंग कर चलना पड़ता है। वहीं वाहन चालकों को भी कई बार कमर दर्द हो जाने से हालत खराब हो जाते हैं। सरपंच भांबू ने राजस्थान सरकार को तीनों सड़कों से वाकिफ करवाते हुए बताया कि जहां कई बार स्कूली बच्चे गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वहीं दो पहिया वाहन चालक भी कई बार गिर जाते हैं। जिससे उनके काफी चोट लग जाती है। सरपंच भांबू ने राजस्थान सरकार को पत्र में बताया कि इन सड़कों पर चलने से लोगों को करीब करीब कमर दर्द की शिकायत होने लगा है। वहीं कई लोगों को डिस्क प्रॉब्लम भी हो चुकी है। जिससे लोगों को शारीरिक नुकसान भी भुगतना पड़ रहा है।

- खिरोड़ सरपंच ने लिखा राज्य सरकार को पत्र

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण

**झुंझुनूं, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत मंगलवार को झुंझुनू की सबसे पुरानी स्कूल राजकीय सिटी में भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी केडी बाबर पूर्व विधायक लक्ष्मणगढ़ विधानसभा थे।

केडी बाबर ने वृक्षारोपण के महत्व के बारे में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को बताया और उन्होंने कहा कि इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को बूथ स्तर तक लेकर जाएं और ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करें। वृक्ष लगाने के साथ ही उसके संरक्षण का भी संकल्प लें। कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विशंभर पूनिया ने बताया पेड़ों की कमी होने से पर्यावरण दूषित होने के साथ ही मानव जाति को भी खतरा है। इसको लेकर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण की आवश्यकता है इसके साथ ही उनकी देखभाल की भी जिम्मेदारी लेनी होगी।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, मंडल महामंत्री रवि लांबा, विजय शंकर जोशी, जिला सोशल मीडिया संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष ललित जोशी, रामनिवास सैनी, जगदीश गोस्वामी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय मोरवाल ,मनोहर धूपिया, संदीप गोयल, भरत शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- 'वृक्ष लगाने के साथ ही उसके संरक्षण का भी संकल्प लें'



भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण किया गया।

सार-समाचार

## तीज की शाही सवारी आज



**सीकर, (निसं)।** नगर परिषद सीकर के सभापति जीवण खां ने तीज मेले को लेकर बावड़ी गेट से लेकर नेहरू पार्क तक पूरे मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों के गड्ढे दुरुस्त करने के निर्देश दिये। नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नेहरू पार्क में वाटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था की जाए। सभापति जीवण खां ने कहा कि यह त्यौहार हमारे पूर्वजों की विरासत के रूप में मिला हुआ है और राजा महाराजाओं के समय से तीज का त्यौहार मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार लगभग 330 साल पुराना परंपरागत त्यौहार है, और हमारे सीकर शहर में सांस्कृतिक मंडल सीकर द्वारा तीज की सवारी निकाली जाती है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता विकास मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) दीपिका पारीक, सफाई निरीक्षक लक्ष्मण सिंह, सांस्कृतिक मंडल संयुक्त मंत्री जानकी प्रसाद इंदौरिया, सभापति निजी सचिव शुभकरण शर्मा, पार्षद साबिर बिसायती एवं नगर परिषद कर्मचारी मौजूद रहें।

## सतरंगी लहरिया का आयोजन



**सीकर, (निसं)।** भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामाजिक कार्यों में अग्रणीय संस्था मदद फाउंडेशन और युवा जागृति संस्थान द्वारा सीकर के पोलोग्राउंड में सतरंगी लहरिया मनाया गया। जिसमें करीब 150 महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्कूल की डॉयरेक्टर मंजू लाटा ने बताया कि इस आयोजन में रैंप डांस गेम्स करवाया गया, साथ ही झूले और सेल्फी प्वाइंट बनाए गए, जिसमें महिलाओं ने खूब उत्साह के साथ भाग लिया। मिसेज सावन शिवानी तिवाड़ी और चेतना सोनी रही। कार्यकर्म में विप्र फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष लीलावती शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की सहयोगी मोहित डिजिटल स्टूडियो एवं लक्षिता परिधान समाजसेवी सनु मोदी रहे। कार्यक्रम में चंदा शर्मा, लक्ष्मी खंडेलवाल, मीरा कुमावत, सुनीता पांडे, आशा शर्मा, कंचन अग्रवाल, अलका शर्मा, राज शर्मा, शीरू कंवर, मुकुल कंवर, पंकज कंवर, मुकेश कंवर, राकेश कंवर आदि ने भाग लिया। मदद फाउंडेशन के एडमिन पैनल ने आए हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था इस प्रकार के आयोजन से संस्कृति को बढ़ावा देना चाहती है। तीज त्योहार के मौकों पर मारवाड़ी महिलाओं के पहनावे में लहरिया खासतौर से शामिल होता है। क्योंकि यह परिधान खुशनुमा जीवन का प्रतीक माना गया है। लहरिया सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

## बाल आधार नामांकन शिविर कल से

**मुकुंदगढ़, (निसं)।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से 0 से 5 वर्ष के सभी आधार नामांकन से शेष समस्त बच्चों का आधार नामांकन करने के लिए नगरपालिका क्षेत्र मुकुंदगढ़ में चार शिविर स्थलों का चयन कर बाल आधार नामांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग मुकुंदगढ़ प्रोग्रामर मनोज कुमार कुमावत ने बताया कि 8 अगस्त को आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 13 व 14 पर, 16 अगस्त को आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर छह पर, 22 अगस्त को आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 17 व 18 पर तथा 29 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुंदगढ़ में शिविर आयोजित करवाए जाएंगे। जिनमें आधार नामांकन से शेष 0 से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों का निशुल्क आधार नामांकन किया जाएगा। आमजन से अपील की जा जाती है कि आधार नामांकन से शेष 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों का नामांकन आवश्यक रूप से करवा लें। आधार नामांकन के लिए बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के साथ ही माता या पिता में से कोई एक अपने आधार कार्ड के साथ शिविर स्थल पर बच्चे के साथ उपस्थित होकर नामांकन करवा सकता है।

## प्रभारी मंत्री आज झुंझुनूं दौरे पर

**झुंझुनूं, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत 7 अगस्त को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं आएंगे। प्रभारी मंत्री सुबह 7 बजे जयपुर से रवाना होकर 10 बजे झुंझुनूं पहुंचेंगे। यहां वे सुबह 11 बजे बीड़ झुंझुनूं स्थित लवकुश वाटिका में मुख्यमंत्री पौधारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे 11.45 बजे पौधारोपण अभियान के तहत राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करेंगे। दोपहर 12.15 बजे प्रभारी मंत्री राजकीय बीडीके जिला अस्पताल में संपूर्ण स्तनपान प्रबंधन केंद्र एवं मदर एंड नियोनेटेल केयर यूनिट का शुभारंभ करेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 1.15 बजे सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री पौधारोपण महाअभियान एवं बजट घोषणाओं के त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में प्रेस वार्ता करेंगे। दोपहर 2 बजे प्रभारी मंत्री झुंझुनूं से चूरू के लिए रवाना होंगे।

## उपखण्ड स्तरीय जन सुनवाई गुरूवार को

**सीकर, (निसं)।** जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर बताया कि 8 अगस्त द्वितीय गुरूवार को जिले के समस्त उपखण्डों में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जावेगा। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा राज्य स्तर से वी.सी के माध्यम से पर्यवेक्षण किया जाएगा। जनसुनवाई के लिए विभिन्न अधिकारियों को निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के लिए लगाया है। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिये है कि उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में कम से कम 10 परिवेदनाओं को प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करावें। प्राप्त परिवेदनाओं को तीन दिवस में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कराकर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करावें।

## विद्युत संबंधित जनसुनवाई आज

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं एव शिकायतों विद्युत सप्लाई, विद्युत कनेक्शन, विद्युत मीटर, विद्युत बिल में त्रुटि सुधार, विद्युत ट्रांसफॉर्मर व लाइन, गलत वीसीआर से संबंधी के समाधान के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए झुंझुनूं वृत्त के एसई एमके टीबड़ा ने बताया कि सात अगस्त 2024 को सुबह 11 बजे से अधीक्षण अभियंता झुंझुनूं वृत्त अजमेर डिस्कॉम झुंझुनूं कार्यालय के परिसर में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

## माण्डेला बड़ा में रात्रि चौपाल आज

**सीकर, (निसं)।** जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी 7 अगस्त को फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत माण्डेला बड़ा में रात्रि चौपाल में जनसुनवाई कर ग्रामीणों के मौके पर ही अभाव अभियोग सुनेंगे। रात्रि चौपाल में सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## हरियाली तीज महोत्सव आज

**झुंझुनूं, (निसं)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से सात अगस्त को हरियाली तीज महोत्सव मनाया जाएगा। संयोजक मनोज कुमार गनोलिया ने बताया कि पुराने पोस्ट आफिस के पास श्री लक्ष्मीनाथ पाठशाला में सुबह नौ बजे से कार्यक्रम होगा।